## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अतिक्रमण के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाय

### कैन्टोन्मेंट क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल सीईओ से मिला

**मांग**

**(संवाददाता)**

देहरादून। महानगर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमण्डल ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कैन्टोन्मेंट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मुलाकात कर कैन्टोन्मेंट क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं से अवगत कराते हुए इन समस्याओं के समाधान की मांग से सम्बन्धित ज्ञापन प्रेषित किया। कैन्टोन्मेंट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने अवगत कराया कि कैन्टोन्मेंट बोर्ड क्षेत्र में फड ठेली लगाने वाले छोटे–छोटे व्यावसायियों पर किराये के रूप में टैक्स में भारी बढ़ोत्तरी की गई है जिसे जनहित एवं व्यापारियों के हित में वापस लिया जाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि कैन्टोन्मेंट बोर्ड क्षेत्र में भूमि के दाखिल खारिज की फीस में भारी बढ़ोत्तरी की गई है जिसे वापस लिया जाना चाहिए।



कैन्टोन्मेंट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मुलाकात करते हुए कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल।

कैन्टोन्मेंट बोर्ड क्षेत्र में पथ प्रकाश की व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है जिससे रात में आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटना का भय बना रहता है। कैन्टोन्मेंट बोर्ड क्षेत्र में नालिया गंदगी से पटी हुई है तथा उनमें सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे बरसाती पानी एवं नालियों का पानी जमा होने से क्षेत्र मे अनेक प्रकार की बीमारियों का प्रकोप होने का भय बना रहता है। अतः क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। कैन्टोन्मेंट बोर्ड क्षेत्र में कई लोगों द्वारा अवैध कब्जे किये जा रहे हैं जिनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। अतिक्रमण के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाय। सरकारी सम्पत्तियों पर लगातार हो रहे अतिक्रमणों को शीघ्र हटाया जाय।

## बजट को लेकर सीएम फेसबुक लाइव के माध्यम से जनता से सीधा संवाद करेंगे

देहरादून। नये बजट के स्वरूप को लेकर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत मुख्यमंत्री आवास में फेसबुक लाइव के माध्यम से जनता से सीधा संवाद करेंगे।

प्रदेश के आगामी बजट में जन सुझावों पर भी ध्यान दिया जायेगा। इसके लिए आपका बजट आपका सुझाव कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत आम जनता से शनिवार 8 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास में सांय 06:30 बजे से 07:30 बजे तक फेसबुक लाईव द्वारा जन–संवाद करेंगे। हर साल राज्य सरकार द्वारा बजट पर लोगों के सुझाव प्राप्त किये जाते हैं। सुझाव जनहित में पाए जाने पर बजट में शामिल भी किए जाते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जन आकांक्षाओं के अनुरूप प्रदेश का विकास है। उन्होंने सरकार में जनभागीदारी को भी जरूरी बताया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से फेसबुक लाईव में शामिल होकर अपने अमूल्य सुझाव देने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपयोगी सुझावों को अमल में लाया जाएगा। प्रदेश के बजट को अंतिम रूप देने से पहले समाज के सभी वर्गों से सुझाव आमंत्रित किये जाने से समावेशी बजट की अवधारणा को भी मजबूती मिलेगी।

## अधिकारी जनता व जनप्रतिनिधियों से संवाद कायम कर जनसमस्याओं का निराकरण करें

**(संवाददाता)** अल्मोड़ा। औद्योगिक सलाहकार मुख्यमंत्री डा. केएस पंवार ने सर्किट हाउस में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित हो रही विकास योजनाओं व सीएम द्वारा की गयी घोषणा के सम्बन्ध में एक बैठक की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि क्षेत्र की वास्तविकता से भली–भाँति भिज्ञ होते है जिस कारण उन्हें समस्या का पूर्ण ज्ञान होता है।

# टिहरी देश के विकास में बड़ी भूमिका निभा रहा

### टिहरी महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**(संवाददाता)**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत शुक्रवार को अठूरवाला, देहरादून में आयोजित तृतीय टिहरी महोत्सव में सम्मिलित हुए। आयोजकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में टिहरी बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है। टिहरी झील ऊर्जा और पानी देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि टिहरी के लोगों का बहुत बड़ा त्याग किया है, जिसके कारण देश जगमगा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में टिहरी में आयोजित होने वाले बसंत पंचमी के मेले को फिर से शुरू किया गया है। इससे देश–विदेश में टिहरी की अच्छी पहचान बनी है।

## हत्या, अपहरण व फिरौती के मामलों में वांछित एक लाख का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**(संवाददाता)** देहरादून। पुलिस ने पुलिस इंस्पेक्टर और सरपंच की हत्या और अपहरण, फिरौती के मामलों में वांछित एक लाख के इनामी बदमाश को देहरादून से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के खिलाफ तीन हत्या कई अपहरण और मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं। शातिर गैंगस्टर की तलाश में दिल्ली और हरियाणा की स्पेशल सेल टीमें भी कई दिनों से देहरादून में सक्रिय थी।


भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

आधार
मेरा आधार, मेरी पहचान

**आधार बनवाना और अपडेट करवाना हुआ आसान**

**देहरादून के निरंजनपुर और डालनवाला में खुले नये आधार सेवा केंद्र**

**उपलब्ध सेवाएं**

आधार बनवाना । आधार में पता अपडेट । फोटो/ बॉयोमीट्रिक अपडेट
मोबाइल/ ई-मेल अपडेट । नाम, लिंग, जन्म तिथि अपडेट

केंद्र पर प्रतिदिन 1000 तक एनरोलमेंट/ अपडेट हो सकते हैं।

पता:
ग्राउंड फ्लोर, ए डी टॉवर, निरंजनपुर,
जी एम एस रोड़ (नेक्सा शोरूम के पास)
देहरादून, उत्तराखंड - 248001

कैलाश टॉवर, पहली मंजिल,
नई सड़क, द्वारका स्टोर के पास,
डालनवाला, देहरादून, उत्तराखंड - 248001

समय: सुबह 09:30 से शाम 05:30 तक

केंद्र सप्ताह के सभी दिन खुला है।
सीधे आयें या अपॉइंटमेंट ऑनलाइन बुक करें: ask.uidai.gov.in



लाइन से बचें, अपॉइंटमेंट ऑनलाइन बुक करने के लिए स्कैन करें:

davp 54105/11/0016/1920

• आधार बनवाना/ अनिवार्य बॉयोमीट्रिक अपडेट नि:शुल्क है • अन्य बॉयोमीट्रिक/ डेमोग्राफिक अपडेट: ₹50
• 5 और 15 की आयु पर बच्चों का बायोमीट्रिक अपडेट करें • आधार में मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज कराएं

@AadhaarOfficial | @AadhaarUID | @UIDAI | @Aadhaar_Official | uidai.gov.in | 1947 (Toll Free) | help@uidai.gov.in